कार्यालय, उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय संचालन समिति,

शासकीय उच्चतर माध्यमिक उत्कृष्ट विद्यालय सिंगोड़ीतरई, नारायणपुर

दूरभाष क्र0–07781–252310, email id: deonpr74@gmail.com

//विज्ञापन//

क्र./स्था./अंग्रे. मा./शि.भ./विज्ञा./2020/ 1993 नारायणपुर, दिनांक 24/07/2020

छ0ग0 शासन स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, अटल नगर, नवा रायपुर का अर्द्धशासकीय पत्र क्र./आर–627 दिनांक 13.06.2020 व संचालक, एस.सी.ई.आर.टी. छ0ग0 रायपुर के पत्र क्रमांक/अंग्रेजी माध्यम/2019–20/741 दिनांक 03.03.2020 एवं आदेश क्रमांक एफ 23–08/2020/20–3/31 दिनांक 03.07.2020 में दिये गये निर्देशानुसार जिले में संचालित अंग्रेजी माध्यम के **शासकीय उच्चतर माध्यमिक उत्कृष्ट विद्यालय सिंगोड़ीतरई, नारायणपुर** में शिक्षण सत्र 2020–21 के लिए संविदा शिक्षक/लिपिक/भृत्य की संविदा नियुक्ति हेतु निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता के अर्हताधारी एवं इच्छुक अभ्यर्थी दिनांक 21/07/2020 सायं 5.00 बजे तक विहित नियम एवं शर्तो के अधीन निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र स्पीड/रजिस्टर्ड डाक एवं आवेदन पत्र को PDF में Email Id-deonpr74@gmail.com माध्यम से या स्वयं के द्वारा कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, जिला नारायणपुर में जमा किया जा सकता है। विवरण निम्नानुसार है :–

पद का विवरण :–

क्र.	पद नाम	विषय	पद संख्या	आरक्षण
1	2	3	4	5
1	व्याख्याता	हिन्दी	02	02 अ.ज.जा.
2		अंग्रेजी	02	02 अ.ज.जा.
3		संस्कृत	01	अना.
4		गणित (अंग्रेजी माध्यम)	01	अना.
5		जीव विज्ञान (अंग्रेजी माध्यम)	01	अना.
6		जीव विज्ञान (हिन्दी माध्यम)	01	अना.
7		वाणिज्य (अंग्रेजी माध्यम)	02	02 अ.ज.जा.
8		सामाजिक अध्ययन (अंग्रेजी माध्यम)	01	अना.
9		रसायन (अंग्रेजी माध्यम)	01	अना.
10		भौतिक (अंग्रेजी माध्यम)	01	अना.
11	प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक (अंग्रेजी माध्यम)	–	01	अना.
12	प्रधान पाठक प्राथमिक (अंग्रेजी माध्यम)	–	01	अना.
13	शिक्षक	हिन्दी (हिन्दी माध्यम)	01	अना.
14		अंग्रेजी (अंग्रेजी माध्यम)	01	अना.
15		संस्कृत (हिन्दी माध्यम)	01	अना.
16		गणित (अंग्रेजी माध्यम)	01	अना.
17		विज्ञान (अंग्रेजी माध्यम)	01	अना.
18		विज्ञान (हिन्दी माध्यम)	01	अना.
19		सामाजिक विज्ञान (अंग्रेजी माध्यम)	01	अना.
20	व्यायाम शिक्षक	–	01	अना.
21	कम्प्यूटर शिक्षक	–	01	अना.
22	सहायक शिक्षक	हिन्दी	01	अना.
23		अंग्रेजी (अंग्रेजी माध्यम)	01	अना.
24		गणित (अंग्रेजी माध्यम)	01	अना.
25		विज्ञान (अंग्रेजी माध्यम)	01	अना.
			01	अना.

27	प्रयोगशाला सहायक	–	03	02 अ.ज.जा. 01 अ.पि.वर्ग
28	सहायक ग्रेड–2	–	01	अना.
29	ग्रंथपाल	–	01	अना.
30	सहायक ग्रेड–3	–	01	अना.
31	भृत्य	–	04	03 अ.ज.जा. 01 अ.पि.वर्ग
32	चौकीदार		01	अना.

विज्ञापन की विस्तृत जानकारी नियम, शर्ते एवं आवेदन पत्र का प्रारूप आदि कलेक्ट्रेड नारायणपुर कार्यालय/जिला पंचायत–नारायणपुर के सूचना पटल एवं जिला शिक्षा अधिकारी, जिला–नारायणपुर तथा वेवसाईट www.zpnarayanpur.gov.in, www narayanpur.gov.in &www.cgstate.gov.in पर देखी जा सकती है।

विज्ञापन की विस्तृत जानकारी, नियम एवं शर्ते :–

शैक्षणिक योग्यता :–

क्र.	पदनाम	वेतनमान एक मुश्त (प्रतिमाह)	न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता
1	2	3	4
1	व्याख्याता	38100	किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक के साथसंबंधित विषय में स्नातकोत्तर/समकक्ष की उपाधि के साथ बी.एड. प्रशिक्षण अनिवार्य है।
2	प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक (अंग्रेजी माध्यम)	38100	किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक के किसी भी विषय में विषय में स्नातकोत्तर/समकक्ष की उपाधि के साथ बी.एड. प्रशिक्षण अनिवार्य है।
3	प्रधान पाठक प्राथमिक (अंग्रेजी माध्यम)	35400	मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक के साथ किसी भी विषय में स्नातक की उपाधि के साथ बी.एड. प्रशिक्षण अनिवार्य है।
4	शिक्षक	35400	मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक के साथ संबंधित विषय में स्नातक की उपाधि के साथ बी.एड. प्रशिक्षण अनिवार्य है।
5	व्यायाम शिक्षक	35400	मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक के साथे किसी भी विषय में स्नातक एव बी.पी.एड./डी.पी.एड प्रशिक्षण अनिवार्य है।

6	कम्प्यूटर शिक्षक	35400	मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक किसी भी विषय में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक के साथ बी.ई.(कम्प्यूटर)/बी.सी.ए.(कम्प्यूटर)/बी. एस.सी.(कम्प्यूटर)/बी.टेक (कम्प्यूटर), PGDCA की उपाधि अनिवार्य हैं।
7	सहायक शिक्षक	25300	न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक के साथ हायर सेकेण्डरी उत्तीर्णएवं डी. एड./डी.एल.एड. प्रशिक्षण अनिवार्य हैं।
8	प्रयोगशाला सहायक	25300	मान्यता प्राप्त बोर्ड से न्यूनतम 50 प्रतिशत अंको के साथ विज्ञान विषय (जीव विज्ञान सहित होना अनिवार्य) में हायर सेकेण्डरी उत्तीर्ण एवं डी.एड./डी.एल.एड. प्रशिक्षण अनिवार्य है।
9	सहायक ग्रेड–2	25300	किसी मान्यता प्राप्त मण्डल या संस्था से हायर सेकेण्डरी परीक्षा (10+2) एवं स्नातक उत्तीर्ण। एवं किसी मान्यता प्राप्त ऑपरेटर प्रोग्रामिग में एक वर्षीय डिग्री/डिप्लोमा (DCA & PGDCA) का 10,000 डिप्रेशन प्रति घण्टे की गति होना चाहिए। (अंग्रेजी माध्यम में कार्य करने वाले आवेदक को प्राथमिकता दी जावेगी)
10	ग्रंथपाल	22400	मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक के साथ B.Lib उपाधि अनिवार्य है।
11	सहायक ग्रेड–3	19500	किसी मान्यता प्राप्त मण्डल या संस्था से हायर सेकेण्डरी परीक्षा (10+2) उत्तीर्ण। एवं किसी मान्यता प्राप्त ऑपरेटर प्रोग्रामिग में एक वर्षीय डिग्री/डिप्लोमा (DCA & PGDCA) का 10,000 डिप्रेशन प्रति घण्टे की गति होना चाहिए। (अंग्रेजी माध्यम में कार्य करने वाले आवेदक को प्राथमिकता दी जावेगी)
12	भृत्य	15600	किसी मान्यता प्राप्त मण्डल या संस्था से न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक के साथ 8 वीं उत्तीर्ण।
13	चौकीदार	15600	किसी मान्यता प्राप्त मण्डल या संस्था से न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक के साथ 8 वीं उत्तीर्ण।

नियम व शर्ते :–

1. संविदा नियुक्ति पदों पर की गई नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी है, एवं बिना कारण बताए कभी भी समाप्त की जा सकती है।
2. संविदा पर नियुक्त कर्मचारी को प्रत्येक कैलेण्डर वर्ष में 18 दिनों के आकस्मिक अवकाश एवं 03 दिनों के ऐच्छिक अवकाश की पात्रता होगी, वर्ष के मध्य में नियुक्ति होने अथवा सेवामुक्त होने पर आकस्मिक अवकाश की पात्रता की गणना पूर्ण महिनों के लिए अनुपातिक आधार पर किया जावेगा। गणना के अपूर्ण दिवस को आगामी पूर्ण दिवस में पूर्णांकिंत किया जावेगा।
3. **अंग्रेजी माध्यम के पदों हेतु अभ्यर्थी की शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल, हायर सेकेण्डरी, स्नातक एवं स्नातकोत्तर आदि मान्यता प्राप्त बोर्ड/विश्वविद्यालय से अंग्रेजी माध्यम में उत्तीर्ण आवेदकों को प्राथमिकता दी जावेगी। तत्पश्चात् अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा प्राप्त उम्मीद्वार उपलब्ध न होने की स्थिति में समिति के अनुमोदन पश्चात हिन्दी माध्यम के आवदनों पर विचार किया जायेगा।**
4. भविष्य में शासन के द्वारा उक्त पदों पर भर्ती किए जाने पर यह नियुक्ति स्वमेव समाप्त मानी जावेगी।
5. अन्य शिक्षकों की भांति इन संविदा शिक्षकों को भी अन्य आबंटित शालेय कार्य यथा मुल्यांकन, शालेय गतिविधियां आदि से भागीदारी सुनिश्चित करना होंगा। जिसके लिये अतिरिक्त मानदेय की पात्रता नहीं

6. अभ्यर्थी को अंग्रेजी माध्यम की योग्यता के संबंध में संलग्न प्रारूप में शपथ–पत्र दिया जाना अनिवार्य होगा। शपथ पत्र नहीं दिए जाने की स्थिति में यह माना जाएगा कि अभ्यार्थी कंडिका–3 में अंग्रेजी माध्यम संबंधी प्राथमिकता की शर्त को पूरा नहीं करता है।

7. सेवा समाप्ति के पश्चात् कर्मचारी को किसी भी प्रकार की पेंशन भत्ता या अन्य राशि प्रदान नही की जावेगी।

8. अभ्यर्थी को छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होने का सक्षम अधिकारी का प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।

9. छ.ग. सिविल सेवा (संविदा भर्ती नियम) 2012 के अनुसार दिनांक 01.07.2020 की स्थिति में न्यूनतम आयु 21 वर्ष एवं अधिकतम आयु 50 वर्ष होना चाहिए। अजा/अजजा/अपिव/निःशक्त/भूतपूर्व सैनिक आदि के आवेदको को छ.ग. शासन सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी समय–समय पर आयु सीमा में छूट संबंधी आदेश निर्देश लागु होगे।

10. आयु संबंधी प्रमाण पत्र के लिए हाईस्कूल/हायर सेकेण्डरी स्कूल अथवा मैट्रिकुलेशन अंक सूची मान्य होगा।

11. आवेदन के साथ वांछित प्रमाण पत्र एवं अंक सूची स्वप्रमाणित होने चाहिए। वांछित प्रमाण पत्र स्वप्रमाणित नही होने पर आवेदन अमान्य किया जा सकेगा। इसके लिए आवेदक स्वयं जिम्मेदार होगा।

12. आवेदन पत्र प्रारूप के अनुसार ए–4 साईज आकार के कागज पर आवेदन करें। आवेदन पत्र पूर्ण रूप से साफ–साफ अक्षरों में भरा जाना चाहिये। आवेदन पत्र में पासपोर्ट साईज का स्वयं सत्यापित रंगीन नवीनतम फोटो चिपकाना एवं स्वयं का पता लिखा दो लिफाफा (5 रू. डाक टिकट के साथ) संलग्न करना अनिवार्य है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन स्वीकार्य नही होंगे।

13. लिफाफे के ऊपर एवं आवेदन पत्र में पद का नाम, जिसके लिए आवेदन किया जा रहा है, स्पष्ट उल्लेख किया जावे। अपूर्ण/अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्रों पर कोई विचार नही किया जावेगा एवं आवेदन निरस्त कर दिया जावेगा। जिसके लिए आवेदक स्वयं जिम्मेदार होगा।

14. शासकीय, अर्द्वशासकीय, स्वशासी संस्थाओं में नियमित पदों पर कार्यरत कर्मचारियों को अपने नियोक्ता द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।

15. **आवेदक जो पात्र नही होंगे :–**

i. महिलाओं के लिए 18 वर्ष एवं पुरूषों के लिए 21 वर्ष से कम आयु में विवाह करने वाले उम्मीदवार नियुक्ति के लिए पात्र नही होंगे। ऐसे उम्मीदवार आवेदन न करे।

ii. आवेदन प्रस्तुत करने की तिथि तक न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता नही होने पर अपात्र कर आवेदन निरस्त कर दिया जाएगा।

16. **चयन प्रक्रिया :–**

i प्राप्त आवेदन पत्रों की सूक्ष्मता से जांच की जाकर मेरिट सूची तैयार की जायेगी, जो स्वीकृत पदो के दस गुना होगा। मेरिट सूची में साक्षात्कार/कम्प्यूटर परीक्षा हेतु निर्धारित वेटेज को छोड़कर शेष योग्यताओं के वेटेज को शामिल करते हुए बनाई जाएगी।

ii आवेदको की शैक्षणिक योग्यता अर्थात् 10वी., 12वी., स्नातक, स्नातकोत्तर एव बी.एड/डी.एड. में प्राप्त अंको के आधार पर निम्नानुसार वेटेज होगा :–

(a) व्याख्याता एवं प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला की नियुक्ति के लिये स्नात्कोत्तर में प्राप्त अंको पर 30 प्रतिशत का वेटेज, स्नातक में प्राप्त अंको पर 20 प्रतिशत वेटेज, एव 12 वी. में प्राप्त अंको का 10 प्रतिशत वेटेज दिया जायेगा।

(b) प्रधान पाठक प्राथमिक शाला/शिक्षक/कम्प्यूटर शिक्षक की नियुक्ति के लिये स्नातक में प्राप्त अंको पर 30 प्रतिशत का वेटेज, 12 वी. में प्राप्त अंको पर 30 प्रतिशत वेटेज दिया जायेगा।

(c) सहायक शिक्षक की नियुक्ति के लिये 12 वी. में प्राप्त अंको पर 30 प्रतिशत का वेटेज, 10 वी. में प्राप्त अंको पर 30 प्रतिशत का वेटेज दिया जायेगा।

(d) ग्रथंपाल/व्यायाम शिक्षक की नियुक्ति के लिये स्नातक में प्राप्त अंको पर 40 प्रतिशत का वेटेज, 12 वी. में प्राप्त अंको पर 20 प्रतिशत का वेटेज निर्धारण किया गया है।

(e) सहायक ग्रेड–2 की नियुक्ति के लिये स्नातक में प्राप्त अंको पर 20 प्रतिशत का वेटेज, 12 वी. में प्राप्त अंको पर 20 प्रतिशत का वेटेज, 10 वीं में प्राप्त अंको का 10 प्रतिशत वेटेज एवं कम्प्यूटर अर्हता परीक्षा में 50 अंक निर्धारण किया गया है।

(f) सहायक ग्रेड–3 की नियुक्ति के लिये 12 वी. में प्राप्त अंको पर 30 प्रतिशत का वेटेज, 10 वीं में 20 प्रतिशत वेटेज एवं कम्प्यूटर अर्हता परीक्षा में 50 अंक निर्धारण किया गया है।

(g) व्याख्याता, प्रधान पाठक प्राथमिक/पूर्व माध्यमिक, शिक्षक, सहायक शिक्षक पद हेतु डी.एड./बी.एड., व्यायाम शिक्षक पद हेतु डी.पी.एड./बी.पी.एड, कम्प्यूटर शिक्षक पद हेतु बी.ई.(कम्प्यूटर)/बी.सी.ए.(कम्प्यूटर)/बी.एस. सी.(कम्प्यूटर) /बी.टेक (कम्प्यूटर)/PGDCA एवं ग्रंथपाल पद हेतु B.Lib हेतु 10–10 प्रतिशत वेटेज का निर्धारण किया गया है।

(h) समस्त शिक्षक संवर्ग एवं ग्रंथपाल हेतु अनुभव के लिये 10–10 अंक एवं साक्षात्कार हेतु 20–20 अंक निर्धारण किया गया है।

अनुभव हेतु निम्नानुसार अंक दिए जाऐंगे :– 1 वर्ष से कम – 0, 1–2 वर्ष – 03 अंक, 2–4 वर्ष – 05 अंक, 04–10 वर्ष – 07 अंक एवं 10 वर्ष से अधिक – 10 अंक दिया जायेगा।

टीप :– अनुभव केवल मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्था में (जिस पद हेतु आवेदन है उसके माध्यम के सुसंगत) अंग्रेजी/हिन्दी माध्यम में संबंधित कक्षा को पढ़ाने बाबत ही मान्य किया जाएगा। इस संबंध में संबंधित संस्था/संस्थाओं के प्राचार्य का प्रमाण पत्र जिसमें अभ्यर्थी द्वारा किस माध्यम में अध्यापन किया गया है एवं किस कक्षा को अध्यापन किया गया है उसका भी स्पष्ट उल्लेख हो वह मान्य होगा। वर्ष का आशय पूर्ण शैक्षिक सत्र से होगा।एक शैक्षिक सत्र में कम से कम 10 माह का अध्यापन करने पर ही उस वर्ष के अनुभव को मान्य किया जाएगा। अभ्यर्थी द्वारा यदि एक ही शैक्षिक सत्र में दो या अधिक अलग–अलग शालाओं में अध्यापन किया गया है, तो उस शैक्षिक सत्र के कुल कार्य अवधि 10 माह अर्थात 300 दिन या अधिक होने पर ही अनुभव मान्य किया जाएगा।

iii. भृत्य एवं चौकीदार हेतु केवल 8 वीं के प्राप्त अंको का 100 प्रतिशत वेटेज दिया जायेगा।

iv. तैयार मेरिट सूची से अभ्यार्थियों को मूल प्रमाण पत्रों की जांच, साक्षात्कार एवं लिपिक संवर्ग पद हेतु कम्प्यूटर अर्हता परीक्षा के लिये बुलाया जायेगा।

v. मूल प्रमाण पत्रों की जांच/साक्षात्कार/कम्प्यूटर अर्हता परीक्षा के उपरांत साक्षात्कार/कम्प्यूटर परीक्ष के अंको को जोड़कर अंतिम मेरिट बनाई जाकर योग्य अभ्यर्थी की नियुक्ति का आदेश संबंधित अधिकारी द्वारा जारी किया जावेगा।

vi. चयनित अभ्यर्थियों के साथ अभ्यर्थियों की प्रतीक्षा सूची संविदा पदों पर कार्यभार ग्रहण करने वालो की संख्या कम होने एवं कार्यभार ग्रहण करने पश्चात् पद त्याग की स्थिति को ध्यान में रखते हुए रखा जायेगा।

17. विज्ञापित पदों की संख्या घटाई, बढ़ाई या विलोपित की जा सकती है।

18. आवेदक का आवेदन दिनांक 21/07/2020 को सायं 5.00 बजे तक पंजीकृत/स्पीड डाक या स्वयं के द्वारा कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, जिला नारायणपुर को अनिवार्य रूप से प्राप्त हो जाना चाहिए।

19. प्राप्त आवेदनों के संबंध में चयन समिति का निर्णय अंतिम एवं सर्व मान्य होगा।

20. नियुक्ति के पश्चात् जिला के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा जारी चिकित्सा प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। अयोग्य पाये जाने की स्थिति में नियुक्ति स्वतः निरस्त मानी जावेगी।

04/07/2020

कलेक्टर/अध्यक्ष
संचालन एवं प्रबंधन समिति
शास. उ.मा.उत्कृष्ट विद्यालय
सिंगोड़ीतरई, सोसायटी समिति
जिला नारायणपुर

कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, जिला नारायणपुर, (छत्तीसगढ़)

अंग्रेजी माध्यम स्कूल-शासकीय उच्चतर माध्यमिक उत्कृष्ट विद्यालय सिंगोड़ीतरई

:: आवेदन पत्र का प्रारूप ::–

जिस पद के लिए आवेदन किया जा है,

का पदनाम.....

प्रति,

जिला शिक्षा अधिकारी,
जिला–नारायणपुर

1. आवेदक /आवेदिका का पूरा नाम (हिन्दी में) :.....
   (अंग्रेजी के कैपिटल लेटर में) :.....
2. पिता/पति का नाम (हिन्दी में) :.....
   (अंग्रेजी के कैपिटल लेटर में) :.....
3. लिंग (पुरूष/महिला) :.....
4. जन्म तिथि (अंको में) वर्ष.....माह.....दिन.....
   (शब्दों में) :.....
5. जाति/वर्ग (अजजा/अजा/अपिव/अनारक्षित) :.....
6. शैक्षणिक योग्यता की जानकारी (पद के लिए न्यूनतम योग्यता से शुरू करें)

क्र.	उत्तीर्ण परीक्षा/स्तर का नाम	बोर्ड/वि.वि/संस्था का नाम	माध्यम हिन्दी/अंग्रेजी	उत्तीर्ण करने का वर्ष	पूर्णांक	प्राप्तांक	प्रतिशत	श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	10वी.							
2	12वी.							
3	स्नातक							
4	स्नातकोत्तर							
5	B.Ed/D.Ed.							

6	B.Lib							
7	B.P.Ed							
8	अन्य							

9. क्या आप छत्तीसगढ़ के मूल निवासी है :.....
(निवास प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित प्रति संलग्न करें)

10. जिले का नाम :.....

11. स्थायी पता :.....
:.....
:.....
:.....

12. पत्र व्यवहार का पूरा पता :.....
:.....
:.....
:.....

फोन/मोबाईल नम्बर :.....

13. कार्यानुभव (अनुभव प्रमाण पत्र व आदेश की सत्यापित प्रति संलग्न करें)

क्र.	संस्था का नाम	पदनाम एवं (कक्षा जिसका अध्यापन किया)	अध्यापन का माध्यम	अवधि	
				कब से	कब तक

15. क्या उम्मीदवार विवाहित है (हां/नही) :.....

16. यदि विवाहित है तो विवाह का तिथि :.....

17. क्या आप आयु सीमा में छूट का दावा करते है यदि हां तो।
कितने वर्ष की (संबंधित प्रमाण पत्र संलग्न करें) :.....

संलग्न सत्यापित प्रमाण पत्रों की छायाप्रति की सूची :–

1.....

2.....

3.....

4.....

5.....

6.....

7.....

8.....

9.....

10.....

11.....

12.....

घोषणा पत्र

मैं एतद् द्वारा घोषित करता /करती हूँ कि मेरे द्वारा प्रस्तुत सभी जानकारी पूर्णतः सत्य है, इनमें कोई जानकारी गलत/असत्य पाए जाने पर आवेदन पत्र निरस्त किया जा सकेगा तथा मेरे विरूद्व कानूनी कार्यवाही की जा सकेगी। इन परिस्थितियों में नियुक्तिकर्ता अधिकारी बिना बताए मेरे आवेदन /चयन/ नियुक्ति को निरस्त करने का अधिकारी होगा एवं उसका निर्णय मुझे मान्य होगा।

दिनांक–

स्थान –

आवेदक के हस्ताक्षर

(नाम एवं पूर्ण पता)

शपथ–पत्र (समक्ष नोटरी)

मैं.....पिता.....

माता.....उम्र.....जाति.....

निवासी (पूर्ण पता).....

.....

जिला.....की निम्नांकित सत्य कथन करता/करती हूँ कि :–

01. मेरी शैक्षिक योग्यता की जानकारी निम्नानुसार हैं :–

क्र.	परीक्षा का नाम (10वीं, 12वीं, स्नातक, स्नातकोत्तर आदि)	शिक्षा का माध्यम (हिन्दी/अंग्रेजी)	उत्तीर्ण वर्ष	संस्था का नाम	विषय	रिमार्क

02. यदि उपरोक्त जानकारी भविष्य में कभी भी परिक्षण किये जाने पर गलत पाई जाती हैं, तो मुझे सेवा से तत्काल पृथक किया जाएगा एवं मेरे विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की जा सकेगी। जिसके लिये मै स्वयं जिम्मेदार रहूंगा/रहूंगी।

03. मेरे द्वारा.....माध्यम से विषय.....के लिए विज्ञापित पद ..... हेतु भरे गये आवेदन पत्र में कोई भी जानकारी यदि गलत पाई जाती है, तो तत्काल मेरी सेवा समाप्त करते हुए कानूनी कार्यवाही/दण्डात्मक कार्यवाही की जा सकेगी, जिसकी संपूर्ण जवाबदेही मेरी होगी।

शपथकर्ता

सत्यापन

मैं शपथकर्ता .....पिता/पति.....

.....प्रमाणित करता/करती हूँ, कि उपरोक्त शपथ पत्र की समस्त जानकारी मेरे स्वयं के ज्ञान से सत्य एवं सही है, आज दिनांक.....को स्थान..... में अपना हस्ताक्षर किया/की।

शपथकर्ता

नाम.....

पिता/पति.....

पता.....